## एक नजर में

### श्री धाकड़ महासभा युवा संघ की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**उन्हेल।** श्री धाकड़ महासभा युवा संघ मध्य प्रदेश में नवीन प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसमें उन्हेल के युवा नेता रमेश एल्या धाकड़ को प्रदेश संगठन मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, कृष्ण नायमा और प्रकाश एलिया को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों पर समाज के लोगों और मित्रों ने स्वागत सम्मान कर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास धाकड़ ने इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को मजबूत करने और युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए, हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्हेल से रमेश एलया धाकड़ प्रदेश संगठन मंत्री, कृष्ण नायमा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश एलिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। श्री धाकड़ महासभा युवा संघ मध्य प्रदेश की ओर समाज के लोगों और मित्रों का जिन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी आभार व्यक्त किया गया।

### नागदा में कांग्रेस नेताओं की अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन

**नागदा।** महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा हेतु भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण के तत्वावधान में सोमवार को नागदा में कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध भव्य आक्रोश रैली निकाली गई। रैली जवाहर मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, ओझा मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग से होती हुई कन्या शाला चौराहे पर पहुंची, जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया। भारत में महिलाओं को शराब से जोड़ना अत्यंत आपत्तिजनक और भ्रामक है। वक्ताओं ने कहा कि यह न केवल प्रधानमंत्री की माताजी का, बल्कि संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान है। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए ईडी गठबंधन के नेता नफरत और असभ्यता की राजनीति कर रहे हैं।

इस आक्रोश रैली और पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, संतोष गेहलोत, ओम प्रकाश गेहलोत, नगर विजय पटेल, प्रकाश जैन, मनीषा शर्मा, सुल्तान सिंह शेखावत, शिवानीकुंवर सोलंकी, उषा सोनी, बबीता रघुवंशी, रेखा राठौड़, अन्नपूर्णा परमार, गुरुचरण, श्याम सिंह, लोकेश माली सहित अनेक कार्यकर्ता। मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने ने बताया कि इस विशाल रैली और पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि नारी सम्मान पर आंच बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सचिन जाट का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन



**घट्टिया।** जिनियस एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल के खिलाड़ी सचिन जाट पिता जगदीश जाट गांव घोंसला का चयन संभाग स्तरीय एथलेटिक्स (400 मीटर दोड़ अंडर 19) प्रतियोगिता हेतु हुआ। चयनित खिलाड़ी सचिन जाट पिता जगदीश जाट ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है व संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जो दिनांक 3 सितम्बर को उज्जैन में आयोजित होगी हेतु चयन हुआ। खिलाड़ी के चयन होने पर स्कूल प्राचार्या अर्चना शर्मा, डायरेक्टर महेन्द्र सिंह डोडिया, व्यायाम शिक्षक प्रीतम सिंह पंवार, ब्लाक प्रबंधक वीरेंद्र भाटिया एवं बलवीर सिंह द्वारा पुष्प माला पहनाकर बधाई दी गई।

### क्षत्रीय महासभा का युवा सम्मेलन आयोजित

**घट्टिया।** अखिल भारतीय क्षत्रीय युवा विंग जिला उज्जैन के तत्वावधान में युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। लवखेड़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित सम्मेलन में महासभा के कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष बादल सिंह चौहान के नेतृत्व में वाहन रैली निकालकर कार्यक्रम स्थल तक पहुचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय प्रमुख महामन्त्री राजेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंगद सिंह, युवा विंग कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाज ज़न उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात सहभोज आयोजित किया गया।

### गणेशोत्सव अंतर्गत 56 भोग का आयोजन



**घट्टिय।** 10 दिवसीय गणेशोत्सव अंतर्गत स्थानीय राजस्व कॉलोनी में पंडाल में विराजित गणेशजी को रविवार रात 56 भोग लगाया गया। स्थानीय लोगों ने 56 भोग में हिस्सा लेकर महाआरती कर 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया। 10 दिवसीय गणेशोत्सव में अनेक आयोजन हो रहे जिसमें गत दिनों सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया।

### तेजा दशमी पर क्षीरसागर कुश्ती एरीना में दंगल

**उज्जैन।** तेजा दशमी के पावन पर्व पर 2 सितंबर मंगलवार शाम 5 बजे से क्षीरसागर कुश्ती एरीना में दंगल का आयोजन होगा। गणेश बागड़ी ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तेजा दशमी के पर्व पर परंपरागत दंगल क्षीरसागर कुश्ती ग्राउंड पर होगा। महाराष्ट्र के कोल्हापुर, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के पहलवान कुश्ती का प्रदर्शन करेंगे। दंगल में भागवत पह. गंगावेश तालीम कोल्हापुर तथा समरोज पह. अवन्तिका कुश्ती उज्जैन के बीच दंगल होगा। वहीं बीजली पहलवान गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली तथा शिव भगतसिंह अखाड़ा, रोहतक, राहुल इलाहाबाद तथा अशोक आगरा, राजेश काला खंडवा तथा अलफेज अवतिका कुश्ती सेंटर, विशेष ठाकुर उज्जैन तथा मयूर हरदा के बीच दंगल देखने को मिलेगा। आयोजक ओंकार दास गुरु व्यायामशाला मारुति गंज उज्जैन ने खेलप्रेमियों से दंगल में पधारकर पहलवानों की हौंसला अफजाई करने का अनुरोध किया है।

# लोकतंत्र की ताकत को पहचानो-कीर

## युवाओं से आव्हान, जब समाज के हक की आए तो हम सब एक है

**उज्जैन। मध्यप्रदेश में कीर समाज 100 से ज्यादा विधानसभा में एवं 22 जिले में निवास करती है। हम 100 विधायक जीता नहीं सकते तो 25 से 30 विधायक हरा जरूर सकते हैं। एक विधायक के जीत हार से कोई भी सरकार बन सकती है या गिर सकती है। सभी समाज अपने-अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सभी समाजों में दो ग्रुप है इसका मतलब यह नहीं कि हम अलग-अलग है। बात जब समाज** के हक की आई तो हम सब एक है।



यह बात भाजपा नेता एव कीर समाज के अध्यक्ष इंजी. प्रकाश सिंह कीर ने कीर समाज के युवाओं से आव्हान करते हुए कही। आपने कहा लोकतंत्र की ताकत को पहचानों। मेरी विचारधारा हमेशा हिंदूवादी रही। संघ से प्रभावित रहा इसीलिए भाजपा से जुड़ा हुआ हूं।

मैं समाज के सभी युवाओं से आहान करना चाहता हूं कि क्या हम हमेशा ही किसी भी नेता की कठपुतली बनके रह जाएंगे। आज हम देख रहे हैं कि हर समाज का कोई ना कोई व्यक्ति महत्वपूर्ण पद पर बैठा है।

सभी समाज में कोई विधायक है, कोई सांसद है, कोई प्रदेश अध्यक्ष है या कोई महामंत्री है, कोई निगम मंडल में है। पार्टी चाहे जो भी हो बीजेपी हो या कांग्रेस हो जो राष्ट्र हित में काम करें सामाजिक हित में काम करें उसका साथ दें और सामाजिक के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी जन भागीदारी करें। राष्ट्र निर्माण में अपना जन सहयोग प्रदान करें। आज किसी भी पार्टी में चाहे बीजेपी हो या कांग्रेस समाज का कोई व्यक्ति आगे नहीं बढ़ पाया तो कहीं ना कहीं उसकी गलती हमारी ही रही होगी।

मगर अब समय आ गया है समाज जागरूक हो चुकी है। समाज का युवा अपने हक की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार कीर समाज को प्रदेश संगठन में कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी। हम भी चाहते हैं कीर समाज का नाम स्वर्णिम भारत के इतिहास में कहीं ना कहीं अंकित हो। आने वाली पीढ़ी को हम क्या संदेश देंगे। हम आज लड़ेंगे तो कल हमारी भी समाज का कोई अस्तित्व होगा।



### तेजाजी मंदिर पर तेजा दशमी पर एक दिवसीय मेले का आयोजन आज

**घट्टिया। तेजा दशमी पर्व पर मंगलवार को स्थानीय तेजाजी मंदिर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा।**

आराध्य देव तेजाजी महाराज को पूजन अभिषेक के नगर में निशान जुलूस निकालकर निशान के साथ दाल बाटी चुरमा का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा की गई।

### गुजराती बलाई युवा संघ की तहसील कार्यकारिणी की बैठक

**महिदपुर। अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज युवा संघ के प्रवास दल के साथ में घटिया तहसील की बैठक ग्राम रुई में समाज के मंदिर में संपन्न हुई।**



बैठक में प्रवास दल द्वारा घट्टिया तहसील पदाधिकारीयो को तहसील में आने वाले समाज के गांव को चिन्हित किया गया तथा उनके सेक्टर बनाए गए साथ ही युवा संघ की सेक्टर योजना के माध्यम से प्रत्येक गांव में ग्राम समितियो का अतिशीघ्र निर्माण कर समाजजनों को संगठन से जोड़ते हुए संगठन सृजन का कार्य किया जाएगा व पदाधिकारियों द्वारा समाजजनों को समाज में संगठन की आवश्यकता, महत्व और संगठन के लाभ भी बताएं जाएंगे।

बैठक में प्रवास दल के रूप में युवा संघ राष्ट्रीय कार्यकारणी से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सोलंकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंबाराम बानिया, प्रदेश कार्यकारिणी प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेंद्र पवार पटवारी साहब, प्रदेश प्रवक्ता आकाश परमार, जिला कार्यकारिणी ग्रामीण से जिला प्रभारी मोहनलाल मकवाना, जिला अध्यक्ष मुकेश धानक, जिला अध्यक्ष मुकेश बारोड़, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सोलंकी, सौदानसिंह डाबी, राकेश मकवाना, दिलीप निंबोला एवं हिंदूसिंह डाबी, आत्माराम बामणिया, अर्जुनसिंह पारेगी उपस्थित रहे।

बैठक में समाजहित के विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा हुई जैसे सेक्टर योजना पर कैसे काम करना है समाज में व्याप्त कई कुरीतियां है जिस पर हमें समय के साथ रोकथाम करनी है। समाज को कैसे शिक्षित संस्कारित विकसित और संगठित किया जाए इस पर जोर दिया गया ज्ञात हो कि युवा संघ द्वारा प्रत्येक जिले में प्रवास हेतु प्रवास दलों का गठन किया गया है। जिनके माध्यम से जिलों में संगठन को मजबूत करने तथा संगठन सृजन का कार्य किया जाकर समाज के अंतिम व्यक्ति को संगठित करने का कार्य किया जाएगा। बैठक का संचालन उज्जैन जिला अध्यक्ष ग्रामीण मुकेश धानक द्वारा तथा आभार उज्जैन जिला प्रभारी ग्रामीण मोहनलाल मकवाना ने माना।

### सोयाबीन हुई खराब, तत्काल मुआवजा दिया जाए- जैन



**महिदपुर.** ब्लॉक कांग्रेस ने किया महिदपुर में किसानों के लिए प्रदर्शन महिदपुर,प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर सोयाबीन की फसल लगभग बर्बाद हो चुकी है और फसल में पीला मोजक नामक बीमारी लग चुकी है। जिसके चलते किसानों को काफी नुकसान हुआ है वहीं कहीं कहीं पर तो खेतों में जलभराव की समस्या के चलते सोयाबीन की फसल गल चुकी है। इसी को लेकर कांग्रेस ने किसानों के लिए आंदोलन किया और जिला प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की गई है,इसी क्रम में महिदपुर, महिदपुररोड और झारडा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महिदपुर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और तत्काल सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की गई।

इस संबंध में महिदपुर विधायक दिनेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष महेश परमार के साथ मिलकर किसानों की जो सोयाबीन फसल अतिवृष्टि से खराब हुई है। उसका मुआवजा तत्काल हो इसको लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और स्थानीय प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की गई है।

वहीं इस संबंध में महेश परमार जिला अध्यक्ष कांग्रेस ने बताया कि ब्लाक कांग्रेस महिदपुररोड, महिदपुर और झारडा के संयुक्त तत्वावधान और दिनेश जैन बोस की अगुवाई में किसानों की बर्बाद फसल को लेकर स्थानीय प्रशासन से सर्वे कराकर मांग की गई है कि किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए। क्योंकि सोयाबीन में अफलन सहित पीला मोजेक और जलभराव को लेकर काफी नुकसान हो चुका है।

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र मंडोरा ने बताया कि पिछले तीन सालों से बीमा राशि नहीं दी जा रही है। वहीं किसानों को बिजली, पानी की समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। यहां पर अधिकारियों को द्वारा किसानों की सुध नहीं ली जा रही है। इसको लेकर कांग्रेस ने महिदपुर में प्रदर्शन किया और किसानों को खराब फसल का मुआवजा शीघ्र मिले इसकी मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस के प्रदर्शन में वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राहुल का पुतला दहन कर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध



**घट्टिया।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं महिला मोर्चा प्रदेशध्यक्ष माया नारोलिया के निर्देश पर भाजपा मंडल घट्टिया की महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशोदा बैरागी के नेतृत्व में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मां का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान और 'राहुल गांधी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए।

मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा ने बताया कि हाल ही में दरभंगा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के बारे में अपमानजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। राजनीति में विचारधारा और सिद्धांतों पर विरोध हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह की भाषा लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। राहुल गांधी का पुतला दहन करने का उद्देश्य देश को यह बताना है कि मां चाहे देश के प्रधानमंत्री की हो या राहुल गांधी को हो या हमारी हो उनका अपमान नहीं होना चाहिए। उनका अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं यशोदा बैरागी ने राहुल गांधी की टिप्पणियों की निंदा की और कांग्रेस पर दिवालिया राजनीति और अशिष्ट आचरण का आरोप लगाया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशोदा बैरागी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा शर्मा, लोकेंद्र सिंह राणा, जितेंद्र सिंह, पंकज रावल सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**अभिवादन** — कौशल्या पाटीदार ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया।

## प्राचार्य की अनूठी विदाई, पूरा गांव हाथ जोड़कर अभिनंदन में खड़ा हुआ

**उज्जैन। शास. हाईस्कूल शक्कर खेड़ी की प्राचार्य कौशल्या पाटीदार की सेवानिवृत्ति पर पूरे गांव के लोगों ने यादगार विदाई दी। पाटीदार को रथ पर सवारी कराते हुए बैंड बाजे से पूरे ग्राम में भ्रमण करवाया गया। पूरे गांव में जगह-जगह तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। रास्ते में दोनों तरफ काफी ग्रामीणजन पाटीदार के स्वागत में खड़े थे। ऐसा भव्य स्वागत देख पाटीदार की आंखों से अश्रु झलकते रहे। कौशल्या पाटीदार ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया।**

विदाई समारोह में मौजूद अतिथियों ने कहा वास्तव में धन्य हैं ऐसी प्राचार्य जिसने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ही नहीं गांव में भी सभी के दिलों में ऐसी जगह पाई कि पूरे रास्ते सभी हाथ जोड़कर अपनी सेवानिवृत्त होकर गांव से जा रही प्राचार्य कौशल्या पाटीदार का अभिवादन कर अपनी भावनाएं व्यक्त की।

मां सरस्वती का दीपदीपन कर प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं ने की। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि उदयसिंह चौहान विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड महिदपुर, रामसिंह सिसौदिया सरपंच ग्राम पंचायत शक्करखेड़ी, कैलाश नारायण पाटीदार उन्नत कृषक भोपाल, डॉ. सतीशचंद्र पाटीदार प्राध्यापक शास. माधव विज्ञान महाविद्यालय, प्रीति श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य शा.उ.मा.वि.नरवर रहे। अध्यक्षता डॉ. योगेंद्रकुमार मुखिया सेवानिवृत्त प्राचार्य शा. महाविद्यालय महिदपुर ने की। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण निरंजन राठौर ने दिया।

विद्यालय परिवार द्वारा कौशल्या पाटीदार को विराट पुष्पमाला पहनाकर, शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया।

अभिनंदन पत्र का वाचन कार्यक्रम संचालन राजेंद्र शर्मा ने किया। ग्रामीणजन एवं शासकीय हाईस्कूल शक्करखेड़ी के संयुक्त प्रयास से विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सूत्रधार रमेशचंद्र मालवीय जन शिक्षक जनशिक्षा केंद्र शाउमावि खेड़ाकासोन, प्रेरणा सोनी संकुल प्रभारी शाउमावि घोसला, नवीन गर्ग प्राचार्य शाउमावि झारड़ा, सूर्यवंशी प्राचार्य शाउमावि खेड़ाकासोन सहित विकासखंड महिदपुर के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, जनशिक्षकों, शिक्षकों तथा ग्राम शक्करखेड़ी के गणमान्य नागरिकों ने कौशल्या पाटीदार को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंटकर पुष्पमाला द्वारा अभिनंदन स्वागत किया।

इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण पाटीदार, विनोद पाटीदार भोपाल, राजकुमार जैन, कमलसिंह चौहान, हेमंत श्रीवास्तव सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर, पाठक सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी सहित परिजन एवं कई विद्यालय के शिक्षक एवं अधिकारी, ग्रामीणजन मौजूद रहे। कौशल्या पाटीदार ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की शिक्षा में निरंतर सुधार हो इसलिए एक एलईडी दिये जाने की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत किया। आभार गोवर्धनलाल झाला प्रभारी प्राचार्य शा. हाईस्कूल शक्करखेड़ी ने माना।